ICICI Bank Limited
ICICI Bank Towers
Bandra-Kurla Complex
Bandra (E) Mumbai-400051.

प्रेस विज्ञप्ति 24 सितम्बर, 2013

आईसीआईसीआई बैंक ने 'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' सेवा शुरू की

- दुनिया भर में फेसबुक पर अपनी तरह का पहला ऐप (ऐप्लिकेशन)
- यह ग्राहकों को फेसबुक पर विस्तृत प्रकार के वित्तीय लेनदेन करने में सक्षम बनाता है

मुंबईः भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ने आज सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर एक ऐप 'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' को शुरू किया। इस ऐप की मदद से आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहक विभिन्न बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे।

दुनिया भर में फेसबुक पर अपनी तरह का यह पहला ऐप, 'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' फेसबुक पर मौजूद बैंक के ग्राहकों को बैंकिंग की सुविधा प्रदान करता है। यह बैंक द्वारा युवा और सोशल मीडिया के लिए प्रदत्त महत्व को भी बताता है।

इस अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक की प्रबंध निदेशिका और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंदा कोचर ने कहा, ''आईसीआईसीआई बैंक हमेशा से ही बैंकिंग सेवा में नई तकनीक लाने के मामले में अग्रणी रहा है। 'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' की शुरूआत के साथ, हम दुनिया भर में फेसबुक पर सबसे व्यापक बैंकिंग ऐप्लिकेशन को पेश करते हैं। यह नया उत्पाद 'ख़याल आपका' के हमारे सिद्धांत के अनुरूप है, जिसके तहत हम ऐसे उत्पाद और सेवाएं प्रदान करते हैं जो हमारे ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और अधिक आसान एवं सुविधाजनक बनाते हैं। 'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' फेसबुक पर अधिक समय बिताने वाले युवा उपभोक्ताओं के लिए बेहद उपयोगी है, जो इस सोशल मीडिया साइट पर भिन्न-भिन्न तरह के वित्तीय लेन-देन पूरा कर सकते हैं।''

फेसबुक के भारत भर में 8 करोड़ 20 लाख उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 40 प्रतिशत उपयोगकर्ता 30 साल से कम उम्र के हैं।

यह नया ऐप बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को फेसबुक पर उनके बचत खाते के स्टेटमेंट देखने तथा साथ ही चेक बुक को आर्डर करने और डेबिट कार्ड को अपग्रेड करने में सक्षम बनाने के लिए पिछले साल पेश किये गए ऐप 'योर बैंक' की ही एक अगली कड़ी है।

'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' अद्वितीय विशेषताएं प्रदान करता है, जैसेः

- **स्प्लिट 'एन' शेयरः** यह ग्राहकों को उनके समूह खर्च विभाजित और ट्रैक करने तथा फेसबुक पर मित्रों के साथ साझा करने में सक्षम बनाता है। यह ऐप ग्राहकों को लंबित भुगतान पर दोस्तों को याद दिलाने हेतु संदेश भेजने का विकल्प भी देता है।

- **पे अ फ्रेंडः** इसकी मदद से ग्राहक अपने दोस्तों के खाता संख्या, खाता शाखा, शाखा आईएफएससी (IFSC) कोड आदि जैसे विवरणों को जाने बिना अपने दोस्तों के लिए धन हस्तांतरित कर सकते हैं। इस सुविधा के माध्यम से, ग्राहक अपने दोस्तों के द्वारा www.icicibank.com पर रिडीम किया जा सकने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक कूपन बना सकते हैं।

- **प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज करें:** 'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' की मदद से ग्राहक फेसबुक से ही अपना प्रीपेड मोबाइल तत्काल रिचार्ज कर सकते हैं।

- **फिल्मों की टिकट बुक करें:** अब उपयोगकर्ता फेसबुक के अपने मित्रों के साथ अपनी पसंदीदा फिल्म देखने की योजना बना सकते हैं और 'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' की मदद से तत्काल टिकट बुक कर सकते हैं।

इस ऐप के माध्यम से कोई भी ग्राहक ढेरों गैर-वित्तीय लेनदेनों को भी पूरा कर सकता है। इन गैर-वित्तीय लेनदेनों की सूची में बैंक खाते के सारांश के साथ ही मिनी स्टेटमेंट देखना, क्रेडिट कार्ड विवरण देखना और डीमैट होल्डिंग विवरणों को देखना शामिल हैं। इस ऐप के जरिए, कोई भी ग्राहक फिक्स्ड या आवर्ती जमा खाता खोल सकते है तथा साथ ही चेक बुक का आर्डर कर सकते है, चेक का भुगतान रोक सकते हैं तथा डेबिट कार्ड को अपग्रेड भी कर सकते हैं।

कोई भी ग्राहक अपने फेसबुक यूजर आईडी से लॉग-इन करके, आईसीआईसीआई बैंक के आधिकारिक फेसबुक पेज (www.facebook.com/icicibank) पर जाकर, 'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' टैब पर क्लिक करके इस ऐप का उपयोग कर सकता है। उसे इस ऐप्लिकेशन हेतु पंजीकरण करने के लिए अपने मौजूदा डेबिट कार्ड नंबर के साथ ही अपने पिन नंबर को दर्ज करना होगा। यह इस एप्लिकेशन को उस ग्राहक के प्रोफाइल पर 'ऐप्स' के अन्दर जोड़ देगा। पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान, उस ग्राहक को चार अंकों के एक नए पिन का चयन करना होगा, जोकि उसे बाद में लॉगिन के लिए इस्तेमाल करना होगा।

'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक ' एक सुरक्षित सोशल बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करने के लिए मजबूत सुरक्षा सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है।

- **सुरक्षा**ः यह ऐप 128 बिट एन्क्रिप्शन का उपयोग करता है, जो ग्राहक की जानकारी को सुरक्षित रखता है।

- **सुरक्षित ब्राउज़िंग**ः यह लेनदेन को और भी अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एचटीटीपीएस (https) पर चलता है।

- **सुरक्षित शुरूआत**ः दुरुपयोग से बचने के लिए, एक खाते का पंजीकरण ग्राहक के डेबिट कार्ड नंबर और पिन प्रमाणीकरण पर आधारित है।

- **लेन-देन प्रवर्तन की प्रामाणिकता**ः प्रत्येक लेन-देन के लिए, गतिशील रूप से उत्पन्न एक अद्वितीय ओटीपी (OTP-वन टाइम पासवर्ड) होता है, जोकि लेन-देन को ग्राहक द्वारा शुरू किये जाने की स्थिति को सत्यापित करने के लिए ग्राहक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेज जाता है।

'पॉकेट्स बाय आईसीआईसीआई बैंक' के बारे में और अधिक जानकारी के लिए (www.icicibank.com/pockets) पर जायें या (www.facebook.com/icicibank) पर हमें फॉलो करें।

आईसीआईसीआई बैंक के विषय में: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (NYSE:IBN) भारत के निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक और देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है, जिसकी समेकित कुल परिसम्पतियाँ 31 मार्च, 2013 के आंकड़ों के अनुसार 124 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की थी। आईसीआईसीआई बैक की अनुषंगियों में भारत के निजी क्षेत्र की अग्रणी बीमा कंपनियां और सबसे बड़े सिक्योरिटीज ब्रोकरेज फर्म, म्युचुअल फंड और प्राइवेट इक्विटी फर्म शामिल हैं। वर्तमान में, आईसीआईसीआई बैंक की वैश्विक मौजूदगी भारत सहित 19 देशों में है।

Except for the historical information contained herein, statements in this release, which contain words or phrases such as 'will', 'would', etc., and similar expressions or variations of such expressions may constitute 'forward looking statements'. These forward-looking statements involve a number of risks, uncertainties and other factors that could cause actual results to differ materially from those suggested by the forward-looking statements. These risks and uncertainties include, but are not limited to our ability to obtain statutory and regulatory approvals and to successfully implement our strategy, future levels of non-performing loans, our growth and expansion in business, the adequacy of our allowance for credit losses, technological implementation and changes, the actual growth in demand for banking products and services, investment income, cash flow projections, our exposure to market risks as well as other risks detailed in the reports filed by us with the United States Securities and Exchange Commission. ICICI Bank undertakes no obligation to update forward-looking statements to reflect events or circumstances after the date thereof. All reference to interest rates, penalties and other terms and conditions for any products and services described herein are correct as of the date of the release of this document and are subject to change without notice. The information in this document reflects prevailing conditions and our views as of this date, all of which is expressed without any responsibility on our part and is subject to change. In preparing this document, we have relied upon and assumed, without independent verification, the accuracy and completeness of all information available from public sources. ICICI Bank and the "I man" logo are the trademarks and property of ICICI Bank. Any reference to the time of delivery or other service levels is only indicative and should not be construed to refer to any commitment by us. The information contained in this document is directed to and for the use of the addressee only and is for the purpose of general circulation only.

For Press Queries:
Sujit Ganguli
Senior General Manager and Head- Corporate Communications & Brand
ICICI Bank
Mumbai – 51
Email – ganguli.sujit@icicibank.com